हिंदी पखवाड़ा का सफल आयोजन

भाकृअनुप-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल में दिनांक १४.०९.२०१७ से दिनांक २८.०९.२०१७ तक राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान हिंदी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गयीं । दिनांक ०३.१०.२०१७ को राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह संस्थान के सभागार में संम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं हिंदी के विद्वान/ज्ञाता आदरणीय डॉ. शिवचन्द्र दुबे जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. दुबे ने हिंदी व्याकरण एवं शब्दावली पर अपना व्याख्यान भी दिया जिसकी सभी दर्शकों एवं आगंतुको ने खूब सराहना की। डॉ. दुबे ने अपने व्याख्यान में हिंदी की सहजता एवं शुद्धता पर भी प्रकाश डाला।

हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया जिसमें वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी, शोध सहायक एवं छात्र-छात्राऐं शामिल रहे । इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं राजभाषा समिति के अध्यक्ष डॉ. विजेन्द्र पाल सिंह ने पुरूस्कृत प्रतिभागियों को बधाई दी एवं हिंदी को दैनिक कार्यों में अपनाने के लिए सभी कर्मियों से अपील की तथा सभी को हिंदी में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया । राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी.डी. कुलकर्णी ने हिंदी के क्षेत्र में विभिन्न लेखकों एवं कवियों के योगदान को याद किया तथा हिंदी को आम आदमी से जोड़ने के लिए अपने विचार रखे। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गयीं विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं विजयी प्रतिभागियों की जानकारी राजभाषा अधिकारी डॉ. फतेह सिंह ने दी तथा संस्थान के कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम-३ (३) के आधार पर हिंदी में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अतुल कुमार पटेरिया ने किया ।